2 46
11/9/12

खण्ड - 9

संख्या - 18, 20

सत्यमेव जयते

# नवम् बिहार विधान-सभा वादवृत्त

नवम् सत्र

## ( भाग-2, कार्यवाही प्रश्नोत्तर-रहित )

मंगलवार, तिथि : 19 जुलाई, 1988 ई०

बृहस्पतिवार, तिथि : 21 जुलाई, 1988 ई०

जिन चीजों को उठाया है मैं उसको देखूंगा। आपको माध्यम दूंगा, अपनी भावना व्यक्त करने के लिए समय दूंगा। आप इस तरह से इन बातों को बाधित मत कीजिये, कोई चीज उठा देने से तो काम नहीं चलता है? श्री राम दास राय अपनी सूचना पढ़ें।

**श्री राम दास राय :** सारण जिलान्तर्गत दरियापुर प्रखंड के ग्राम पिड़ारी में निर्मित इन्दिरा आवास तीन जुलाई 88 को सात कमरा छत सहित धंस गया है, जनसेवक एवं मुखिया के लापरवाही के चलते चार लाख रुपया की लागत से बनी हरिजन आवास भूमि सात हो गयी है। दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई हो।

## (घ) प्रखंड विकास पदाधिकारी का निलंबन

**श्री अयोध्या प्रसाद सिंह :** बेगुसराय जिले के भगवानपुर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री राम शरण पंडित पिछले पांच वर्षों से सरकारी राशि का दुरुपयोग गबन एवं लूट मचाये हुए हैं, इनका दो-दो बार तबादला भी हुआ है लेकिन इनकी पहुंच के कारण तबादला रोक दिया है। यदि तुरत इन्हें निलंबित कर भगवानपुर से नहीं हटाया गया तो भयंकर विस्फोट होगा जिसकी सारी जवाबदेही सरकार की होगी।

(इस अवसर पर सदन में काफी शोरगुल)

**श्री रामलखन सिंह यादव :** अध्यक्ष महोदय, 28 आदमी मनेर थाने के नदी में डूबकर मर गये हैं।

**अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, बैठ जायें। इसको समाप्त होते इस बात को उठाने का मैं मौक़ा दूंगा।